18

आखिर कितनी ज़मीन

सोचो और बताओ- (मौखिक)

प्र०(क) कौन-सी बहन शहर में रहती थी?

उ० बड़ी बहन शहर में रहती थी।

प्र०(ख) दीना की आँखें क्यों चमकने लगीं?

उ० दीना की आँखें ज़मीन देखकर चमकने लगी थीं।

प्र०(ग) सरदार ने सिर की टोपी उतारकर ज़मीन पर क्यों रख दी?

उ० सरदार ने सिर की टोपी उतारकर ज़मीन पर इसलिए रख दी कि यह निशान है, यहाँ से चलकर सूर्य डूबने से पहले ~~दीना को~~ यहीं वापस आना होगा।

प्र०(घ) सरदार और दीना के बीच कितने रुपयों पर लेन-देन तय हुआ?

उ० सरदार और दीना के बीच केवल एक हज़ार रुपयों पर लेन-देन तय हुआ।

लिखित-

1. निम्नलिखित **प्रश्नों के उत्तर दो-**

प्र०(क) दीना के पड़ोसी उससे क्यों ईर्ष्या करने लगे?

उ० दीना के पड़ोसी उससे ईर्ष्या इसलिए करने लगे क्योंकि दीना की शिकायत पर किसानों को ज़ुर्माना हो गया था।

प्र०(ख) दीना कोल सरदार के लिए क्या-क्या उपहार ले गया?

उ० दीना कोल सरदार के लिए एक बढ़िया कपड़ा, चाय का डिब्बा और मिठाइयाँ उपहारस्वरूप ले गया था।

प्र०(ग) कोल अपनी ज़मीन का उपयोग क्यों नहीं करते थे?

उ० कोल अपनी ज़मीन का उपयोग इसलिए नहीं करते थे क्योंकि वे वहाँ जानवर चराते थे और शिकार करते थे।

प्र०(घ) दीना को लालच का क्या फल मिला?

उ० दीना को लालच का फल अपनी जान गँवाने के रूप में मिला।

प्र०(ङ) इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है?

उ० इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि अधिक लालच कभी नहीं करना चाहिए।

2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ-

(क) बड़ी बहन का विवाह एक **सौदागर** ☑ **किसान** ☐ के साथ हुआ।

(ख) ~~बड़ी~~ छोटी बहन के पति का नाम **दीना** ☑ **कोल** ☐ था।

(ग) दीना का शरीर **खून** ☐ **पसीने** ☑ से लथपथ हो गया।

(घ) **बेलियों** ☐ **कोलों** ☑ का सरदार दीना से मिलने के लिए आया।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो-

(क) उन दिनों सतलुज के पार एक नई बस्ती बसने लगी।

(ख) दरिया के पास ज़मीन ही ज़मीन थी।

(ग) हमारी ज़मीन का एक ही दाम है, एक दिन का एक हज़ार रुपया।

(घ) सूरज प्रतिक्षण ढलता जा रहा था।

4. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ-

स्वागत - अतिथि के स्वागत की तैयारियाँ हो रही थीं।

प्रयोजन - आप किस प्रयोजन से आए हैं?

उत्सुकता - मुझे घर जाने की उत्सुकता है।

प्रतिक्षण - सूरज प्रतिक्षण ढलता जा रहा था।

भाषा कौशल

1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो-

बहन -	भगिनी	सहोदरा
रात -	रात्रि	यामिनी
सूरज -	सूर्य	भास्कर
जानवर -	पशु	चौपाया
ज़मीन -	धरा	पृथ्वी

2. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ-

(क) आँखों के आगे अँधेरा छाना - कुछ समझ में न आना
दीना की आँखों के आगे अँधेरा छा रहा था।

(ख) हवा हो जाना - तेज़ी से भाग जाना
चोर पुलिस को देखकर हवा हो गया।

(ग) आँखे चमकना - खुशी छा जाना
अधिक ज़मीन देखकर दीना की आँखें चमकने लगी।

(घ) ताना मारना - तीखे वचन कहना
बड़ी बहन छोटी बहन को ताना मार रही थी।

(ङ) पानी फिर जाना - काम खराब हो जाना
दीना की सारी मेहनत पर पानी फिर गया।